कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3/2017/317 लखनऊः दिनांक 24 मई 2017

नीट पी0जी0 2017 की रिक्त सीटों को मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

शासनादेश संख्या–1709/71–2–17–4/2017 दिनांक 23 मई 2017 (वेबसाईट www.updgme.in तथा https://upneet.gov.in पर उपलब्ध) द्वारा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों, विश्वविद्यालयों/ अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि में अवशेष सीटों पर **मॉप–अप राउण्ड** के माध्यम से भरे जाने के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी करते हुये नीति निर्धारित की गई है।

1– राजकीय क्षेत्र के सभी मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों में नीट पी0जी0 2017 की द्वितीय चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग के उपरान्त अवशेष सीटों को **मॉप–अप राउण्ड द्वारा भरे जाने की तिथि दिनांक 25 मई 2017** निर्धारित की गई है। नीट पी0जी0 2017 के माध्यम से चयनित ऐसे अभ्यर्थी, **जो पूर्व में एन0आई0सी0 की वेबसाईट पर पंजीकरण के माध्यम से स्टेट मेरिट सूची में सम्मिलित है**, तथा जिन्हे नीट पी0जी0 2017 की प्रथम एवं द्वितीय काउंसिलिंग से कोई सीट आवंटित न हुई हो, **मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह होंगे**। आई0एम0एस0, बी0एच0यू0, वाराणसी एवं जे0एन0एम0सी0, ए0एम0यू0, अलीगढ की अवशेष सीटों पर भी आवंटन/प्रवेश की कार्यवाही उनके बायलाज के अनुसार दिनांक 25.5.2017 को ही सम्पन्न की जायेगी। नीट पी0जी0 2017 की प्रथम अथवा द्वितीय काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्यागपत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होंगे। उक्त आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया **टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ** में On Spot की जायेगी। इस संबंध में विस्तृत विवरण www.updgme.in पर प्रदर्शित है।

2– निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि में नीट पी0जी0 2017 की द्वितीय चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग के उपरान्त अवशेष सीटों को **मॉप–अप राउण्ड द्वारा भरे जाने की तिथि दिनांक 26 मई 2017** निर्धारित की गई है। नीट पी0जी0 2017 के माध्यम से चयनित ऐसे अभ्यर्थी, **जो पूर्व में एन0आई0सी0 की वेबसाईट पर पंजीकरण के माध्यम से स्टेट मेरिट सूची में सम्मिलित है**, तथा जिन्हे नीट पी0जी0 2017 की प्रथम एवं द्वितीय काउंसिलिंग से कोई सीट आवंटित न हुई हो, मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह होंगे। नीट पी0जी0 2017 की प्रथम अथवा द्वितीय काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्यागपत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होंगे।

उक्त आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया **टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ** में On Spot की जायेगी। इस संबंध में विस्तृत विवरण www.updgme.in पर प्रदर्शित है।

3– स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या– V.12025/181/2016-DE दिनांक 11 मई 2017 एवं संयुक्त सचिव, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत पब्लिक नोटिस दिनांक 24.5.2017 के कम में डेण्टल एवं मेडिकल पाठ्यक्रमों में NEET M.D.S. Percentile तथा NEET P.G Percentile को डाउनग्रेड किये जाने के दृष्टिगत, निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/ विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि की अवशेष सीटों

पर **ऑनलाईन पंजीकरण एन0आई0सी0** के माध्यम से वेबसाईट **https://upneet.gov.in** पर दिनांक **26 मई 2017 की मध्य रात्रि (12:01 A.M) से 27 मई 2017 की मध्य रात्रि (11:59 P.M.) तक किया जा सकता है।** उक्त पंजीकरण हेतु प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के समस्त नीट क्वालीफाईड अभ्यर्थी अर्ह होंगे। उक्त आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 29 व 30 मई 2017 को **टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ** में On Spot की जायेगी। इस संबंध में विस्तृत विवरण www.updgme.in पर प्रदर्शित है।

महानिदेशक